सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 362
12/04/2026

राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 12 अप्रैल, 2026ः– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व० आशा भोसले भारत की महान और लोकप्रिय पार्श्व गायिका थीं। उनकी सुरीली आवाज लोगों को सहज ही मंत्रमुग्ध कर देती थी। उन्हें पद्म विभूषण और दादासाहेब फाल्के पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उनका निधन अत्यंत दुखद तथा देश के लिए अपूरणीय क्षति है। भारतीय संस्कृति, विशेषकर संगीत के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय योगदान के लिए देश उन्हें सदैव याद रखेगा।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा शोक संतप्त परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य, साहस एवं संबल करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

……………………………………………